# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

# Ch. Charan Singh University, Meerut

**शीर्ष प्राथमिकता**

पत्रांक : पी0ए0 / 2650
दिनांक : 31.03.2020

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या / सचिव / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ।

विषयः– विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर E-content उपलब्ध कराते हुये अध्यापन की व्यवस्था कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय / महोदया,

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय के पत्र संख्या–पी0ए0 / 2642 दिनांक 25.03.2020 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से विश्वविद्यालय परिसर व सम्बद्धता प्राप्त महाविद्यालयों के विभागाध्यक्ष / शिक्षकों को छात्रों के शैक्षिक गतिविधियों को कराये जाने हेतु E-content के माध्यम से अध्यापन की व्यवस्था कराये जाने हेतु सूचित किया गया था।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति जी के अपेक्षानुसार महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के शैक्षिक गतिविधियों के निरन्तरता हेतु समस्त विभागाध्यक्ष स्वयं तथा अपने विभाग के शिक्षकों द्वारा उनको आवंटित विषयों में E-content तैयार कराकर विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे कि महाविद्यालय में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अध्ययन की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित की जा सकें, तथा समय सेमेस्टर की परीक्षायें निर्धारित समयावधि में सम्पन्न करायी जा सकें।

भवदीय,
31/03/2020
कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. वैयक्तिक सहायक प्रति–कुलपति को प्रति–कुलपति जी के अवलोकनार्थ।
03. परीक्षा नियंत्रक, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
04. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. प्रभारी वेबसाइट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव